MR. DEPUTY CHAIRMAN: You can give notice. The Chairman would consider it when you give notice. I cannot allow discussion now. ...*(Interruptions)*...

**श्री नरेश अग्रवाल:** यह बहुत सेंसेटिव मामला है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** नरेश जी, अभी नहीं हो सकता है। मैं क्या करूं? प्रो. राम गोपाल यादव।

**प्रो0 राम गोपाल यादव:** उपसभापति महोदय...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is Zero Hour. I will have to go by the procedure. ...*(Interruptions)*...

SHRI C.M. RAMESH(Andhra Pradesh): Sir, our notice is there. ...*(Interruptions)*...

SHRI Y.S. CHOWDARY: Sir, it is an important subject that we had given notice on. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is a very important subject. ...*(Interruptions)*...

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव शुक्ल):** सर, इस मुद्दे को दो बार उठाया जा चुका है, क्या माननीय सदस्य इसे फिर से उठाएंगे?

**प्रो. राम गोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश): मैं ज़ीरो ऑवर में दूसरा मामला उठा रहा हूं।

**श्री राजीव शुक्ल:** मेरे ख्याल से यह रुपए वाला मुद्दा है।

**श्री उपसभापति:** इसकी परमिशन दी गयी है। It is permitted.

## Devaluation of rupee

**प्रो. राम गोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश): उपसभापति महोदय, डॉलर के मुकाबले रुपए में निरंतर गिरावट आ रही है। जब मैंने इसे उठाया, उस वक्त यह 65 रुपए था और उसके तत्काल बाद प्रकाश जावडेकर साहब ने बताया कि रुपया 22 पैसा और नीचे गिर गया है। इस प्रकार निरंतर यह हालत हो रही है। नतीजा यह है कि देश का जो उद्यमी है, वह देश में पैसा नहीं लगा रहा है, वह बाहर भाग रहा है और कोई फॉरेन इन्वेस्टर यहां आ नहीं रहा है। दूसरी ओर गवर्नमेंट की तरफ से हमारी करेंसी को स्टेबल करने के लिए कोई सार्थक उपाय नहीं किया जा रहा है और न ही उसके बारे में किसी तरह की चर्चा की जा रही है, न प्रयास किए जा रहे हैं, न ही संसद को बताया जा रहा है, जब कि संसद का सत्र चल रहा है। सबसे बड़ी समस्या यह आ रही है कि हमारे स्टूडेंट्स बहुत

बड़ी तादाद में अमेरिका और अन्य देशों में पढ़ने के लिए गए हुए हैं, उनके सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। महोदय, सुबह प्रधान मंत्री जी यहां बैठे थे, उस वक्त मैंने मांग की थी कि प्रधान मंत्री जी इस बारे में कुछ बताएं कि वे ऐसे क्या उपाय करने जा रहे हैं जिनसे हमारी करेंसी स्टेबल हो जाए। महोदय, 2009 में यह सरकार दोबारा सत्ता में आयी। 2010 में डॉलर और रुपए का एक्सचेंज रेट साढ़े 44 रुपए का था। तीन साल के अंदर रुपए की कीमत गिरकर 65 रुपए से भी नीचे आ गयी है। जो अर्थशास्त्री हैं, वे हिसाब लगा सकते हैं कि हमारा कितना नुकसान हो गया है। हमारे ऊपर जो कर्ज रहा होगा, उसका 33-34 परसेंट एक्स्ट्रा बर्डन हमारे ऊपर अनावश्यक रूप से आ गया है। आज हर चीज़ महंगी हो गयी है। स्थिति ऐसी बनती जा रही है कि अगर हम इसको रोक नहीं सके, हमारी करेंसी को स्टेबल नहीं कर सके तो देश में आर्थिक आपातकाल लगाना पड़ सकता है।

इस स्थिति को देश के लोगों को समझना चाहिए, इस सरकार को समझना चाहिए, लेकिन कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। संसद में मांग की जा रही है। ...**(समय की घंटी)**... इसके बारे में कोई भी मंत्री उठकर एक शब्द नहीं कह रहा है।

**श्री वसावाराज पाटिल** (कर्णाटक): माननीय उपसभापति जी, जिस तेज़ गति से रुपये का अवमूल्यन हो रहा है। ...**(व्यवधान)**... इसके कारण देश के अंदर बहुत सी समस्याएं खड़ी हो रही हैं। जो विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने के लिए गए हैं, उनको ज्यादा पैसा देना पड़ता है।

**श्री उपसभापति:** आप बस एसोसिएट करिए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री वसावाराज पाटिल:** छोटे उद्योगों पर इसका बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है।...**(समय की घंटी)**...

**श्री उपसभापति:** ठीक है, आपने एसोसिएट कर दिया। ...**(व्यवधान)**...

**श्री वसावाराज पाटिल:** मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इसके परिणाम कैसे होने वाले हैं, इससे सरकार देश को अवगत कराए। मैं सरकार से मांग करता हूं कि देश में आर्थिक अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। लोग कह रहे हैं कि एक डालर 70 रुपये तक जायेगा। इस दिशा में सरकार की ओर से एक ठोस स्पष्टीकरण आये।

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD (Bihar): Sir, I associate myself with the submission made by the hon. Member. ...*(Interruptions)*...

SHRI DEREK O'BRIEN (West Bengal): Sir, I also associate myself with the submission made by the hon. Member. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: All the names should be added. ...*(Interruptions)*...

SHRI Y.S. CHOWDARY (Andhra Pradesh): Sir, I also associate myself with the submission made by the hon. Member.

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the submission made by the hon. Member.

SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY (West Bengal): Sir, I also associate myself with the submission made by the hon. Member.

SHRI D. BANDYOPADHYAY (West Bengal): Sir, I also associate myself with the submission made by the hon. Member.

DR. NAJMA A. HEPTULLA (Madhya Pradesh): Sir, I also associate myself with the submission made by the hon. Member.

SHRI K.N. BALAGOPAL (Kerala): Sir, I also associate myself with the submission made by the hon. Member.

**श्री आलोक तिवारी** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं इससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री किरनमय नन्दा** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं इससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री जगत प्रकाश नड्डा** (हिमाचल प्रदेश): महोदय, मैं इससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्रीमती माया सिंह** (मध्य प्रदेश): महोदय, मैं इससे अपने आपको सम्बद्ध करती हूं।

**श्री अरविन्द कुमार सिंह** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं इससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**चौधरी मुनव्वर सलीम** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं इससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

†[**شری منوّر سلیم (اترپردیش)** : مہودے، میں اس سے اپنے آپ کو سمبدّ کرتا ہوں۔]

**श्री अवतार सिंह करीमपुरी** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं इससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री प्रकाश जावडेकर** (महाराष्ट्र): महोदय, मैं इससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री बलबीर पुंज** (ओडिशा): महोदय, मैं इससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री बलविंदर सिंह भुंडर** (पंजाब): महोदय, मैं इससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री शशी भुषण बेहेरा** (ओडिशा): महोदय, मैं इससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री राम कृपाल यादव** (बिहार): महोदय, मैं इससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

†Transliteration in Urdu Script.